# अध्याय 11

# पर्यायवाची शब्द

ऐसे शब्द जिनके अर्थ में समानता हो, **पर्यायवाची** कहलाते हैं। किसी भी सुदृढ़ भाषा में पर्यायवाची शब्दों की संख्या अत्यधिक होती है। संस्कृत में पर्यायवाची शब्दों की संख्या अधिक है। हिन्दी में भी शब्दों के पर्यायवाची शब्द संस्कृत के तत्सम शब्द ही अधिक हैं, जिसे उसी रूप में स्थान दिया गया है। पर्यायवाची शब्द सामान्य रूप से अर्थ की समानता रखते हैं, लेकिन इनके प्रयोग समान अर्थ में नहीं होते हैं। प्रत्येक शब्द का महत्त्व विषय और स्थान के अनुसार होता है।

## महत्त्वपूर्ण पर्यायवाची शब्द

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| **अंग** | अंश, अवयव, भाग, खण्ड, हिस्सा, टुकड़ा |
| **अग्नि** | अनल, आग, पावक, वह्नि, शिखी, शुचि, हरि, वैश्वानर, हुताशन, ज्वलन, कृशानु |
| **अमृत** | पीयूष, सुधा, अमिय, अमित, जीवन, जीवनोदक, सोम। |
| **अश्व** | घोड़ा, बाजि, हय, तुरंग, तुरंगम्, घोटक, सैन्धव, दधिका, सर्ता |
| **असुर** | निशाचर, निशिचर, दैत्य, राक्षस, दनुज, दानव, यातुधान, देवारि |
| **आँख** | नेत्र, नयन, लोचन, चक्षु, दृग, अक्षि, दृष्टि, विलोचन |
| **आकाश** | गगन, आसमान, अम्बर, व्योम, अन्तरिक्ष, अनन्त, नभ, अभ्र, शून्य |
| **आनन्द** | मोद, आमोद, प्रमोद, हर्ष, सुख, प्रसन्नता, उल्लास, आह्लाद, खुशी |
| **इच्छा** | आकांक्षा, ईप्सा, अभिलाषा, चाह, कामना, मनोरथ, स्पर्द्धा, मर्जी |
| **कमल** | जलज, सरोज, पंकज, नीरज, अरविन्द, पद्म, कंज, सिद्धि, शतदल, अम्बुज, सरसिज, नलिन, राजीव, पुण्डरीक, इन्दीवर, पुष्कर |
| **गणेश** | लम्बोदर, विनायक, गणपति, एकदन्त, गजवन्त, गजवदन, गजानन, गणनायक, भवानीनन्दन, पार्वतीनन्दन, मोदकदाता, विघ्नेश, गौरीनन्दन, गिरिजानन्दन, गणाधिप, हेरंब |
| **गंगा** | देवनद, सुरसरिता, जाह्नवी, देवनदी, मन्दाकिनी, भागीरथी, ध्रुवनन्दा, सुरापगा, त्रिपथगा, सुरसरि, सुरधुनी |
| **चाँद** | चन्द्र, चन्द्रमा, हिमांशु, सुधांशु, सुधाकर, राकेश, शशि, सारंग, निशाकर, निशापति, मृगांक, कलानिधि, कलाधर, कलाप, रजनीश, राकापति, इन्दु, शशांक, विधु, मयंक, हिमकर, शीतांशु |
| **जल** | पानी, नीर, तोय, वारि, अम्बु, पय, सलिल, उदक, अमृत, मेघपुष्प, सारंग |
| **नदी** | सरिता, वाहिनी, शैलजा, अपगा, तटिनी, निम्नगा, निर्झरिणी, तरंगिणी, जलमाला, नद, शैवालिनी, प्रवाहिनी |

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| **पति** | वल्लभ, स्वामी, आर्य, ईश, दूल्हा, भर्तार, सहचर, सुहाग, सौहर, साजन, बालम, भर्ता |
| **पत्नी** | भार्या, स्त्री, दारा, गृहिणी, बहू, कलत्र, प्राणप्रियां, औरत, अर्द्धांगिनी, गृहलक्ष्मी, जीवन संगिनी, सहचरी, बेगम |
| **पर्वत** | भूधर, शैल, अचल, महीधर, गिरि, पहाड़, नग, नगपति, धरणीधर, मेरु, शिखर, नाग, अद्रि, तुंग |
| **पुत्री** | आत्मजा, तनया, सुता, नन्दिनी, दुहिता, तनुजा, बेटी, लड़की |
| **पृथ्वी** | धरा, भूमि, वसुन्धरा, धरती, धरित्री, धरणी, वसुधा, भू, क्षिति, मही, इला, उर्वी |
| **पवन** | हवा, अनिल, गन्धवह, पवमान, प्रभंजन, प्रवात, वात, वायु, समीर, समीरण, मातरिश्वा |
| **बिजली** | विद्युत, चपला, चंचला, दामिनी, तड़ित, सौदामिनी |
| **बादल** | मेघ, अभ्र, जलद, अम्बुद, जीमूत, धराधर, नीरद, पयोद, बलाहक, मेघ, वारिद, वारिधर, वारिवाह |
| **महादेव** | शिव, शम्भु, शंकर, चन्द्रशेखर, शशिशेखर, गिरीश, नीलकण्ठ, पशुपति, त्रिलोचन, उमाकान्त, गौरीनाथ, रुद्र, व्योमकेश, विरुपाक्ष, श्रीकण्ठ, चन्द्रचूड़, त्र्यम्बक, धूर्जटि |
| **रात्रि** | निशा, रैन, रात, रजनी, यामिनी, विभावरी, क्षणदा, त्रियामा, शर्वरी |
| **राजा** | नृप, भूपति, भूप, महीप, महीपति, महेश, नरेश, राव, सम्राट, अवनीश, नरेन्द्र, महिपाल |
| **विष्णु** | अच्युत, जनार्दन, चक्रपाणि, विश्वम्भर, मुकुन्द, नारायण, हृषिकेश, गोविन्द, माधव, लक्ष्मीपति, विश्वरूप, उपेन्द्र, कमलाकान्त |
| **समुद्र** | सागर, जलधि, पारावार, सिन्धु, नीरनिधि, नदीश, पयोधि, अर्णव, रत्नाकर, वारीश, नीरधि, जलधाम, अकूपाद, उदधि, नदीश |
| **सूर्य** | मार्तण्ड, दिनकर, रवि, भास्कर, प्रभाकर, सविता, पतंग, दिवाकर, आदित्य, अंशुमाली, भानु, तरणि, सूर, हंस, विरोचन, दिनेश |
| **सिंह** | शार्दूल, मृगराज, मृगेन्द्र, केसरी, केहरि, केशी, शेर, व्याघ्र, पशुराज, वनराज |

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| स्त्री | अबला, नारी, रमणी, कामिनी, सुन्दरी, वामा, भामा, औरत, वनिता, महिला, कांता |
| हाथी | गज, हस्ति, मतंग, नाग, कुंजर, द्विप, द्विरद, वारण, कुंभी, करीश, करवर, करी, सारंग |
| हिरण | मृग, कुरंग, सारंग, कृष्णसार |
| साँप | सर्प, अहि, उरग, काकोदर, चक्षुश्रवा, पन्नग, जिह्वाग्र, नाग, फणी, फणीश, भुजंग, विषधर, मणी, सारंग, हरि, व्याल |
| हिमालय | नगराज, हिमगिरि, हिमाद्रि, हिमाचल, नगाधिराज, नगपति |
| हनुमान | कपीश, महावीर, आंजनेय, मारुतिनन्दन, पवनपुत्र, मारुतेय, रामदास, रामदूत |
| रावण | दशमुख, दशानन, लंकेश, लंकापति |
| सोना | स्वर्ण, कंचन, कनक, हेम, हाटक, सुवर्ण, तपनीय, महारजत, हिरण्य |

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| पत्थर | पाहन, पाषाण, शिला, शैल, प्रस्तर, उपल, अश्म |
| मोर | मयूर, शिखी, मेहप्रिय, मेहनर्तक, नीलकण्ठ, सितापांग |
| सरस्वती | भारती, वागेश्वरी, शारदा, वीणापाणि, वाग्देवी, महाश्वेता, ज्ञानदा, हंसवाहिनी |
| दुर्गा | चण्डी, चण्डिका, चामुण्डा, भवानी, सुभद्रा, भव्या, महागौरी, कल्याणी, शैलपुत्री, शाम्भवी, अम्बा, अम्बिका |
| लक्ष्मी | इन्दिरा, कमला, श्री, सिन्धुजा, पद्मा विष्णुप्रिया |
| पार्वती | उमा, गौरी, भवानी, अम्बिका, दुर्गा, अभया, रुद्राणी, शैलजा, शिवानी, शैलसुता, सती, भगवती, गिरिजा |
| राम | रघुनायक, राघव, रघुपति, सियाराम, श्रीराम, रघुनाथ |
| कृष्ण | मुरलीधर, गिरिधर, नागर, कन्हैया, कान्ह, किशन, गोपीनाथ, द्वारकाधीश |

# अभ्यास के लिए प्रश्न

1. 'अश्व' का पर्यायवाची शब्द है
(a) घोटक (b) अनन्त
(c) सुरपति (d) दिनकर

2. निम्नलिखित में से कौन 'समुद्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) सागर (b) रत्नाकर
(c) नीरद (d) जलधि

3. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'गणेश' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) गणपति (b) करिवरवदन
(c) चन्द्रचूड़ (d) विनायक

4. निम्न में कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) दिवाकर (b) तरणि
(c) विश्वानस (d) शार्दूल

5. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) कमला (b) इन्दिरा
(c) महाश्वेता (d) पद्मा

6. 'बादल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है
(a) अभ्र (b) जीमूत
(c) वारिद (d) मर्कट

7. निम्नलिखित में कौन-सा 'स्त्री' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) वामा (b) कामिनी
(c) महिला (d) इन्दिरा

8. निम्नलिखित में कौन-सा 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) शून्य (b) अम्बर
(c) अन्तरिक्ष (d) नीलाभ

9. निम्नलिखित में कौन-सा 'सरस्वती' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) महाश्वेता (b) वीणापाणि
(c) हंसवाहिनी (d) सिंहस्था

10. निम्नलिखित में कौन-सा 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) भागीरथी (b) त्रिवेणी
(c) मन्दाकिनी (d) सुरसरिता

11. 'सैन्धव' किसका पर्यायवाची शब्द है?
(a) हाथी (b) घोड़ा
(c) नदी (d) पहाड़

12. निम्न में कौन-सा 'दिन' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) दिवस (b) दिवा
(c) वासर (d) विभावरी

13. निम्न में कौन-सा शब्द 'अन्धकार' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) तम (b) अन्धेरा
(c) तिमिर (d) रुद्र

14. निम्न में कौन-सा शब्द 'ओस' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) तुषार (b) शेफाली
(c) शबनम (d) रसाल

15. निम्न में कौन एक 'पर्वत' का पर्यायवाची शब्द है?
(a) सर (b) तन
(c) अद्रि (d) तुरंग

16. निम्न में कौन 'यमुना' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) कालिन्दी (b) जमुना
(c) अर्कजा (d) पद्मा

17. निम्नलिखित में कौन-सा 'चन्द्रमा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) कलाधर (b) रजनीश
(c) मयंक (d) विहग

18. निम्नलिखित में कौन-सा 'कमल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) अरुण (b) सरोरूह
(c) उत्पल (d) कुवलय

19. निम्न में कौन-सा शब्द नदी का पर्यायवाची नहीं है?
(a) अपगा (b) प्रवाहिनी
(c) सरिता (d) कासार

20. निम्न में कौन-सा पर्यायवाची शब्द-युग्म सही नहीं है?
(a) सिंह-केसरी (b) हाथी-करिवर
(c) सूर्य-अंशुमाली (d) यमुना-मन्दाकिनी

21. निम्न में से कौन-सा पर्यायवाची शब्द-युग्म सही नहीं है?
(a) कमल-मृणाल (b) ओस-नीहार
(c) आकाश-अभ्र (d) गाय-द्विज

22. निम्न में से कौन-सा पर्यायवाची शब्द-युग्म सही है?
(a) पति-भार्या (b) नदी-प्रस्तर
(c) चन्द्रमा-आदित्य (d) धनुष-कोदण्ड

23. 'मयूख' किस शब्द का पर्यायवाची है?
(a) मोर (b) रोशनी
(c) सूर्य (d) चन्द्रमा

24. निम्न में कौन-सा शब्द 'फूल' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) सुमन (b) प्रसून
(c) सारंग (d) पवमान

25. निम्न में कौन-सा 'वृक्ष' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) विटप (b) पादप
(c) तरू (d) प्रवात

26. निम्न में कौन-सा शब्द 'चिड़िया' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) खग (b) विहंग
(c) पतंग (d) केतु

27. 'पतंग' शब्द का पर्यायवाची है
(a) चिड़िया (b) सूर्य
(c) कीट (d) ये सभी

28. 'शोणित' किसका पर्यायवाची है?
(a) चाँदी (b) चन्दन
(c) रक्त (d) धरती

29. 'चाँदनी' का पर्यायवाची शब्द है
(a) ज्योत्सना (b) तमाल
(c) दमक (d) कान्ति

30. 'लक्ष्मण' का पर्यायवाची निम्न में कौन नहीं है?
(a) सौमित्र (b) लखन
(c) रामानुज (d) बलभद्र

31. निम्न में से कौन वर्षा का पर्यायवाची नहीं है?
(a) पावस (b) वृष्टि
(c) बरसात (d) विपुल

32. 'हिमालय' का कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?
(a) गिरिराज (b) शैलेन्द्र
(c) हिमाद्रि (d) धरणीधर

33. 'सारंग' शब्द किसका पर्यायवाची नहीं है?
(a) चन्द्रमा (b) हाथी
(c) हरिण (d) नदी

34. 'वागेश्वरी' शब्द का पर्यायवाची शब्द है
(a) कमला (b) शारदा
(c) रमा (d) दुर्गा

35. कौन-सा शब्द समूह 'इन्द्र' का पर्यायवाची है?
(a) सुरपति, देवराज (b) पुरन्दर, शचीपति
(c) सुरेश, देवेश (d) ये सभी

36. 'आँख' का कौन-सा पर्यायवाची शब्द नहीं है?
(a) चक्षु (b) लोचन
(c) विलोचन (d) तोय

37. 'घोड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द-समूह है
(a) अश्व, बजि (b) सैन्धव, तुरंग
(c) हय, आशु (d) ये सभी

**निर्देश** (प्र.सं. 38-40) *नीचे प्रत्येक प्रश्न के साथ चार शब्द दिए गए हैं, इनमें से सही पर्यायवाची शब्द का चुनाव कीजिए।*

38. विद्युत
(a) गगन (b) सौदामिनी
(c) तुरंग (d) मृगांक

39. वायु
(a) अनिल (b) अनल (c) वल्लभ (d) अराति

40. कृष्ण
(a) बादल (b) विष्णु (c) गिरिधर (d)गिरिराज

**निर्देश** (प्र. सं. 41-45) *दिए गए वाक्यों में काले शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए*

41. जंगल में **सिंह** जोरों से गर्जन करने लगा।
(a) कुश (b) शार्दूल
(c) शिखी (d) कुरंग

42. माता **दुर्गा** का वाहन शेर है
(a) भारती (b) सुरसरि
(c) शैल पुत्री (d) वीणापणि

43. धन्ना सेठ के पास बहुत **सोना** था।
(a) अश्म (b) भव्य
(c) उरग (d) हाटक

44. उपवन में **भौरे** गुंजन कर रहे थे
(a) मेहप्रिय (b) अलि
(c) नागर (d) हंस

45. आकाश में घने **बादल** छाए हुए थे।
(a) पयोद (b) अम्बु
(c) उर्वी (d) उदधि

## विगत वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 46-48) *दिए गए शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए।*

46. सुगन्ध [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) सौरभ (b) चन्दन
(c) केसर (d) इत्र

47. बादल [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) अम्बुधि (b) अम्बुज
(c) पयोधि (d) पयोद

48. जंगल [SSC कांस्टेबल, 2015]
(a) कुसुम (b) बाग (c) द्रुमदल (d) कानन

49. धरती [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) भूधर (b) भुजंग
(c) भवानी (d) भूमि

50. जंगल [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) विटप (b) आनन (c) कानन (d) वृक्ष

51. पवित्र [SSC कांस्टेबल, 2013]
(a) पवन (b) पावन
(c) पवस (d) पयस

52. स्वच्छ [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) निर्मल (b) पंकिल
(c) नीरज (d) नीरद

53. ग्रीष्म [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) गर्मी (b) वर्षा
(c) तपन (d) पावक

54. शाश्वत [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) आंशिक (b) साकार
(c) चिरंतन (d) लौकिक

55. मूक [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) मुखर (b) गूँगा (c) बधिर (d) वाचाल

56. कमल [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) अलिन्द (b) अरविन्द
(c) अखिल (d) निखिल

57. खग [SSC कांस्टेबल, 2012]
(a) पक्षी (b) पंतग
(c) विहाग (d) मेघ

**निर्देश** (प्र. सं. 58-62) *दिए गए वाक्यों में काले शब्दों के पर्याय (समानार्थक शब्द) के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प चुनिए।*

58. किसान **धरती** का मातृवत् सम्मान करता है। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) तरिणी (b) भार्या
(c) रजनी (d) वसुधा

59. **नदी** जीवन भी देती है और विनाश भी कर सकती है। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) सुरसरि (b) सरिता
(c) देवनदी (d) सुरभि

60. गर्मी में **वायु** तेज गति से चलती है। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) अनिल (b) झंझावत
(c) आँधी (d) चक्रवात

61. **गंगा** गंगोत्री से निकलती है। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) सरिता (b) तरंगिणी
(c) भागीरथी (d) नदी

62. है बिखेर देती **वसुन्धरा**, मोती सबके सोने पर। [SSC कांस्टेबल, 2011]
(a) रात्रि (b) वर्षा
(c) पृथ्वी (d) चाँदनी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (c) | 3. | (c) | 4. | (d) | 5. | (c) | 6. | (d) | 7. | (d) | 8. | (d) | 9. | (d) | 10. | (b) |
| 11. | (b) | 12. | (d) | 13. | (d) | 14. | (d) | 15. | (c) | 16. | (d) | 17. | (d) | 18. | (a) | 19. | (d) | 20. | (d) |
| 21. | (d) | 22. | (d) | 23. | (b) | 24. | (d) | 25. | (d) | 26. | (d) | 27. | (d) | 28. | (c) | 29. | (a) | 30. | (d) |
| 31. | (d) | 32. | (d) | 33. | (d) | 34. | (b) | 35. | (d) | 36. | (d) | 37. | (d) | 38. | (b) | 39. | (a) | 40. | (c) |
| 41. | (b) | 42. | (c) | 43. | (d) | 44. | (b) | 45. | (a) | 46. | (a) | 47. | (b) | 48. | (d) | 49. | (a) | 50. | (c) |
| 51. | (b) | 52. | (a) | 53. | (a) | 54. | (c) | 55. | (b) | 56. | (b) | 57. | (a) | 58. | (d) | 59. | (b) | 60. | (a) |
| 61. | (c) | 62. | (c) | | | | | | | | | | | | | | | | |